Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 22-08-2005
Participants : Verma Shri Ravi Prakash,Gangwar Shri Santosh Kumar

>

Title : Need to convert the existing Bareilly-Lakhimpur-Sitapur-Lucknow railway section from metre gauge to broad gauge.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री का ध्यान उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र के पिछड़ेपन की ओर दिलाना चाहता हूं। यह क्षेत्र ब्राडगेज रेल लाइन से न जुड़ा होने के कारण पूरे देश से कटा हुआ है। यहां पर रहने वाली जनता को ब्राडगेज लाइन नहीं होने के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। तराई क्षेत्र के सभी सांसदों द्वारा यह मामला समय-समय पर इस सदन में कई बार उठाया जा चुका है, लेकिन इस पर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

उपाध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि बरेली-लखीमपुर-सीतापुर लखनऊ मीटरगेज लाइन को ब्राडगेज में परिवर्तित करने की व्यवस्था करें, जिससे तराई क्षेत्र का विकास सुचारू ढंग से हो सके तथा यह क्षेत्र देश के अन्य क्षेत्रों के साथ ब्राडगेज लाइन से जुड़ जाए।

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : उपाध्यक्ष जी, मैं इसमें एसोसिएट करता हूं।